an>

Title: Need to construct a dam in river Ghagra at Barabanki in Uttar Pradesh.

श्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी) : महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं बाराबंकी की जनता का भी धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मुझे चुनकर सदन में अपने क्षेत्र की बात कहने का मौका दिया।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बाराबंकी एक बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र है। प्रत्येक साल बरसात के मौसम में सभी स्थानों में घाघरा नदी का पानी भर जाता है। हजारों एकड़ भूमि पर खड़ी फसल नष्ट हो जाती है। घाघरा नदी में बाढ़ आने से गांवों के गांव डूब जाते हैं। पशु-धन की हानि होती है। बाढ़ के बाद भयंकर बीमारियां पैदा हो जाती हैं जिससे क्षेत्रवासी वर्षभर जूझते रहते हैं। रामनगर विधान सभा में बाढ़ को रोकने के लिए हर साल अस्थायी बांध बनाया जाता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि बाराबंकी क्षेत्र को बाढ़ मुक्त बनाने के लिए पिछले दस वर्ष में आए बाढ़ के पानी का आकलन कर मानकों के अनुरूप स्थायी बड़े बांध का निर्माण करा कर क्षेत्र को बाढ़ मुक्त बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।